अमर उजाला 04/11/2023

स्तन कैंसर से बचाव के उपाय बताए

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ ओर से शुक्रवार को स्तन कैंसर पर जागरूकता के संबंध में एक वार्ता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सीमा कंसल ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. ममता सिंगला व डॉ दीपक मल्होत्रा का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डाक्टर डॉ. ममता सिंगला ने स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को नियमित व्यायाम करने, पौष्टिक आहार लेने व नवजात शिशु को कुछ माह तक केवल स्तनपान कराने की सलाह दी। संवाद